FA	2

राज्य स्तरीय आकलन

सत्र 2019–20

सुझावात्मक गतिविधियाँ

कक्षाः दूसरी | **विषय :** गणित

Paper Code : 2031 | **पूर्णांक :** 10

निर्देश– खण्ड 'अ' से कोई एक गतिविधि तथा खण्ड 'ब' से कोई एक गतिविधि करावें।

खण्ड 'अ' **(अंक 05)**

LO – M-204 - सामान्य तुला का प्रयोग करते हुए वस्तुओं की 'से भारी'/'से हल्की' के रूप में तुलना करता है।

गतिविधि 1 – कौन सी वस्तु हल्की और कौन सी वस्तु भारी

- शिक्षक द्वारा तराजू उपलब्ध कराया जावेगा अथवा तराजू का निर्माण किया जाये।
- तराजू की उपलब्धता के आधार पर कक्षा को समूहों मे विभाजित करें।
- प्रत्येक समूह को एक तराजू एवं कुछ सामग्री (जैसे–बीज, पुस्तक, कॉपी, कंचा, डस्टर आदि) देवें।
- अब बच्चों द्वारा कोई भी दो सामग्रियों के भार का अनुमान लगाने के लिए कहेंगे कि कौन सी वस्तु हल्की है और कौन सी वस्तु भारी है।
- अब तराजू के दोनों पलड़ों पर एक–एक वस्तु को रखें।
- सत्यापन करें कि वास्तव में उन दोनों वस्तुओं में कौन सी वस्तु हल्की या कौन–सी वस्तु भारी है।

गतिविधि – 2

- शिक्षक द्वारा तराजू उपलब्ध कराया जावेगा अथवा तराजू का निर्माण किया जाये।
- भार जानने के लिए वस्तुएं (जैसे–चाक डस्टर, पुस्तक, कंचा, बीज आदि) उपलब्ध करायें।
- तराजू के एक पलड़े पर कोई वस्तु (डस्टर) रखें तथा दूसरे पलड़े पर कंचा रखते जाये जब तक दोनों पलड़े बराबर न हो जाये।
- दिए गए तालिका को पूरा करें –

क्रमांक	एक पलड़ा पर रखी वस्तु की संख्या	दूसरे पलड़े पर रखी वस्तु की संख्या	निष्कर्ष
1	1 डस्टर	5 कंचा	1 डस्टर का भार = 5 कंचे का भार

गतिविधि – 3

- ❖ शिक्षक नीचे दिए गए अनुसार तालिका बनाये ।
- ❖ शिक्षक कक्षा को आवश्यकतानुसार समूहों में विभाजित करें। प्रत्येक दो समूह के लिए यह गतिविधि कराये।
- ❖ एक समूह के बच्चों द्वारा प्रश्न करना :– 1 डस्टर का भार कितने कंचे के भार के बराबर है। आदि
- ❖ दूसरे समूह के बच्चों द्वारा उत्तर देना :– 1 डस्टर का भार 10 कंचे के भार के बराबर है।
- ❖ अब दूसरे समूह के बच्चे प्रश्न करेंगे तथा पहले समूह के बच्चे उत्तर देंगे।

वस्तुएं	प्रथम समूह	द्वितीय समूह
	कंचे का भार	बीज के भार
1 डस्टर	10	20
2 पेंसिल	8	16
3 चाक	3	6
1 कॉपी	25	50

खण्ड 'ब' (अंक 05)

LO – M-205 - सप्ताह के दिनों तथा वर्ष के माह को पहचानता है।

गतिविधि – 1

- कक्षा को आवश्यकतानुसार समूहों में विभाजित करें।
- शिक्षक द्वारा किसी भी वर्ष का कैलेण्डर उपलब्ध कराया जायेगा।
- प्रत्येक समूह को अलग–अलग माह का कैलेण्डर दिया जायेगा।
- सबसे पहले प्रत्येक समूहों की दिए गए तालिका मे दिनों के नाम लिखने को कहा जावेगा।
- अब दिन के नाम के सामने दिनांक लिखने को कहा जावेगा।

क्रमांक	दिन	दिनांक

गतिविधि – 2

- कक्षा को आवश्यकतानुसार समूहों में विभाजित करें।
- शिक्षक किसी समूह को 30 दिन वाले माह के नाम लिखने कहे। किसी समूह को 31 दिन वाले माह के नाम लिखने को कहें।
- अब तालिका अनुसार उस माह के पूर्व व बाद के माह लिखने को कहें।

क्रमांक	माह के नाम	पूर्व माह का नाम	बाद के माह का नाम
1			
2			
3			
4			

गतिविधि – 3

- कक्षा को आवश्यकतानुसार समूहों में विभाजित करें।
- प्रत्येक समूह के लिए किसी भी वर्ष का कैलेण्डर उपलब्ध कराया जाए।
- दिए गए तालिका के अनुसार राष्ट्रीय पर्व/त्योहार के नाम लिखने को कहें।
- अब कलेण्डर से उस राष्ट्रीय पर्व/त्योहार के नाम के सामने माह और दिनांक लिखने को कहें।

क्रमांक	वर्ष/त्योहार	माह	दिनांक
1	गणतंत्र दिवस		
2	क्रिसमस		
3	स्वतंत्रता दिवस		
4	मोहर्रम		
5.	दीपावली		

●●●